प्रश्न बैंक

विषय– जीव विज्ञान

कक्षा 11 वीं

वर्ष : 2025–2026

त्रैमासिक परीक्षा के लिए

लोक शिक्षण संचालनालय , मध्यप्रदेश

नोट -विषय शिक्षक उपरोक्त प्रश्नों में से अपनी स्वेच्छा अनुसार विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र बनाते समय प्रश्नों का चयन त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय अनिवार्य रूप से करें| विषय शिक्षक यह भी आवश्यक रूप से ध्यान रखें कि एक ही अध्याय के विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का चयन करते समय दो प्रश्न समान लर्निंग आउटकम वाले ना हो|

ब्लूप्रिंट
त्रैमासिक परीक्षा सत्र 2025 26
कक्षा 11 वीं
विषय जीव विज्ञान

संख्या क्रमांक	अध्याय का नाम	बहुविकल्पीय	रिक्त स्थान	सत्य / असत्य	सही जोड़े	एक वाक्य	दो अंक	तीन अंक	चार अंक	कुल अंक
1.	अध्याय एक- जीव जगत	3	2	-	-	-	1	1	-	10
2.	अध्याय-2- जीव जगत का वर्गीकरण	3	2	-	-	-	1	1	-	10
3.	अध्याय-3- वनस्पति जगत	-	2	2	-	2	1	-	1	12
4.	अध्याय-4- प्राणी जगत	-	-	4	-	-	1	1	1	13
5.	अध्याय -5- पुष्पी पादपो की आकार की	-	-	-	3	1	1	1	1	13
6.	अध्याय -6- पुष्पीय पादपो का शरीर	-		-	2	2	2	-	1	12
		6	6	6	5	5	7	4	4	70

नोट- प्रश्न कमाक 1 से 5 तक 28 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगे। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्रमाक 1-सही विकल्प 06,

प्रश्न क्रमाक 2 रिक्त स्थान 06.

प्रश्न क्रमांक 3 सत्य असत्य 06.

प्रश्न क्रमांक 4 सही जोडी 05,

प्रश्न क्रमांक 5 एक वाक्य में उत्तर 05

प्रश्न क्रमांक 6 से 20 तक आंतरिक विकल्प दिए जाए|

प्रश्न क्रमाक 6 से 12 तक कुल 07 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्रमाक13 से 16 तक कुल 04 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है।
प्रश्न क्रमांक - 17 से 20 तक कुल 04 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अक निर्धारित है।

नोट- उपरोक्त ब्लूप्रिंट के अनुसार आवंटित प्रश्न प्रकार एवं निर्धारित अंक के अनुसार अध्यायों से प्रश्नों का चयन कर प्रश्न पत्र का निर्माण करें|

अध्याय-1 जीव जगत
अभ्यास प्रश्न

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 3 अंक के सही विकल्प प्रश्न पूछे जायेंगे-)

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए :-

1.1

1. वर्गीकरण की सबसे छोटी इकाई क्या है-
   अ) वंश ब) जाति स) गण द) वर्ग

2. वर्गीकरण की सबसे बड़ी इकाई क्या है-
   अ) वंश ब) जाति स) संघ द) जगत

3. द्विनामाकरण पद्धति के प्रतिपादक कौन थे -
   अ) चार्ल्स डार्विन ब) डार्विन स) बेंथम व हुकर द) कैरोलस लीनियस

1.2

4. जीवो के मुख्य अभिलक्षण क्या है-
   अ) जनन ब) उपापचय स) वृद्धि द) उपरोक्त सभी

5. निम्नलिखित में से आलू का वैज्ञानिक नाम हैं -
   अ) सोलेनम ट्यूब् रोसम ब) सोलेनम स्पाइनोसम
   स) सोलेनम मेग्निफेरा द) सोलेनम अर्भीतोरा

6. सिस्टेमा नेचुरी पुस्तक के लेखक हैं-
   अ) कैरोलस लीनियस ब) जॉन एवंहचिंसन स) लेमार्क द) डार्विन

1.3

7. निम्नलिखित में से गेहूं के वंश का वैज्ञानिक नाम है -
   अ) ट्रिटीकम ब) सोलेनम स) एलियन द) मेग्निफेरा

8. समान गण आपस में मिलकर वर्गीकरण के पदानुक्रम का अगला पद बनाते हैं-
   अ) संघ ब) वर्ग स) कुल द) वंश

9. निम्नलिखित में से कौन सा समूह सबसे कम समान लक्षण वाला है-
   अ) जाति ब) वंश स) कुल द) वर्ग

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के रिक्त स्थान पूछे जायेंगे-)

प्रश्न .2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-

2.1

1. ज्ञात जातियों की कुल संख्या------------ हैं ।
2. जैविक नाम अधिकांश .... भाषा में होते हैं|
3. गेहूं का वैज्ञानिक नाम --------- हैं ।

4. ICBN का पूरा नाम .... है।

2.2

5. ICZN का पूरा नाम .... है।
6. मनुष्य का वैज्ञानिक नाम .... है।
7. आलू, बैंगन, मिर्च .... कुल में रखे जाते हैं |
8. विज्ञान की शाखा .... के अंतर्गत पादपों का अध्ययन किया जाता है|

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

1. सिस्टेमैटिक्स किसे कहते हैं|
2. किन्हीं दो पादपों के वैज्ञानिक नाम लिखिए।
3. किन्हीं दो जंतुओं के वैज्ञानिक नाम लिखिए।

अथवा

4. टेक्सोंन को परिभाषित कीजिए ।
5. द्विनामाकरण पद्धति क्या है? लिखिए।
6. फोना एवं फ्लोरा शब्द का अर्थ लिखिए ।

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 3 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

1. वर्गिकी, वर्गीकरण पद्धति एवं वर्गीकरण को परिभाषित कीजिए ।
2. टैक्सा किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।
3. वर्गीकरण की किन्हीं तीन पद्धतियों का नाम लिखिए।
4. किन्हीं तीन महत्वपूर्ण लक्षणों के आधार पर आप जीवो को जीवों से किस प्रकार अलग कर सकते हैं? लिखिए ।
5. यदि दो जीवों के वैज्ञानिक नाम अलग हों लेकिन वंश (genus) समान हो, तो इससे उनके आपसी संबंध के बारे में क्या पता चलता है? एक उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

अथवा

1. जीवो को वर्गीकृत क्यों किया जाता है? किन्हीं तीन कारणों को लिखिए।
2. वर्गिकी पदानुक्रम को परिभाषित कीजिए, इसमें कितने पदों को शामिल किया गया है, उनके नाम लिखिए ।
3. वर्गीकरण के किन्हीं तीन महत्व के बारे में लिखिए ।
4. जैव विविधता को परिभाषित कीजिए ,यह विविधता किस प्रकार पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में आवश्यक है स्पष्ट कीजिए।
5. एक कीट का वैज्ञानिक नाम **Apis indica** है। इसमें *Apis* और *indica* क्रमशः किस स्तर (taxonomic rank) का प्रतिनिधित्व करते हैं? यह पद्धति किस वैज्ञानिक ने दी थी?

---xx----------------

अध्याय-2 जीव जगत का वर्गीकरण

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 3 अंक के सही विकल्प प्रश्न पूछे जायेंगे-)

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए :-

1.4

1. निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने सर्वप्रथम प्रोटिस्टा शब्द का प्रयोग किया-

अ) हीकल ब) पाश्चर स) कॉज द) लिस्टर

2. डाइनर द्वारा सन 1971 में किसकी खोज की गई थी-

अ) वायरस की ब) माइकोप्लाजमा की स) वाईरोइड द) प्रिऑन

3. वर्गिकी का पितामह कहा जाता है-

अ) चार्ल्सडार्विन ब) लेमार्क स) बेंथम व हुकर द) कैरोलस लीनियस

1.5

4. पांच जगत वर्गीकरण में विषाणु को किस जगत में वर्गीकृत किया गया है-

अ) मोनेरा जगत ब) प्रोटिस्टा जगत स) जीवाणुजगत द) किसी जगत में नहीं

5. निम्नलिखित में से जीवाणु जनित रोग है-

अ) हैजा ब) टाइफाइड स) गोनेरिया द) उपरोक्त सभी

6. पांच जगत वर्गीकरण में एक कोशिकीय यूकैरियोटिक जीवो को किस समूह में रखा गया है-

अ) मोनेरा में ब) प्रोटीस्टा में स) फंगाई में द) प्लांटी में

1.6

7. निम्नलिखित में से किसे थैली फंगाई कहा जाता है-

अ) एस्कोमायसिटीज को ब) फाईकोमायसिटीज को स) बसिडियोमायसिटीज को द) डूटेरोमायसिटीज को

8. दलहनी पौधों की जड़ों की ग्रंथियों में पाए जाने वाले जीवाणु का नाम लिखिए जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण में भाग लेता है-

अ) राइजोबियम ब) क्लॉस्ट्रीडियम स) क्लोरोबियम द) एजरोंवेक्टर

9. पांच जगत वर्गीकरण में जीवाणु को किस जगत में वर्गीकृत किया गया है-

अ) मोनेरा जगत ब) प्रोटिस्टा जगत स) जीवाणु जगत द) किसी जगत में नही

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के रिक्त स्थान पूछे जायेंगे-)

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

2.3

1. --------- को पौधों और जंतुओं के बीच की संयोजी कड़ी कहा जाता है ।
2. कवक तंतु के जाल को ----------- से भी जाना जाता है ।
3. पैरामीशियम को इस ------------ नाम से भी जाना जाता है ।
4. पांच जगत वर्गीकरण ....वैज्ञानिक द्वारा दिया गया|
5. .... को अपूर्ण कवक कहा जाता है|

2.4

6. व्हिटेकर ने अपने वर्गीकरण में ------------ को सम्मिलित नहीं किया है |
7. पादप विषाणु का अनुवांशिक पदार्थ ----------- होता है|
8. कवकों की कोशिका भित्ति प्राय -------------- बनी होती है|
9. कवकों में संचित भोज्य पदार्थ ------------ के रूप में पाया जाता है|
10. कवक की कोशिका भित्ति .... रासायनिक पदार्थ की बनी होती है?

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

1. प्लाज्मोगेमी व केरिओगेमी में दो अंतर लिखिए ।
2. आरएच व्हिटेकर द्वारा प्रतिपादित 5 जगतों के नाम लिखिए ।
3. प्रिओंन द्वारा मनुष्य में होने वाले दो रोग का नाम लिखिए ।
4. आर्ची बैक्टीरिया को जीवित जीवाश्म क्यों कहा जाता है। लिखिए ।

अथवा

5. जीवाणुओं में विखंडन विधि का चित्र बनाइए ।
6. दो खाने योग्य मशरूम का नाम लिखिए ।
7. प्रिओंन क्या है? लिखिए ।
8. सहजीविता से आप क्या समझते हैं? लिखिए ।

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 3 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

1. मोनेरा एवं प्रोटिस्टा में कोई तीन अंतर लिखिए।
2. एक प्रारूपिक जीवाणु कोशिका का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइए ।
3. मेथनोजन, हेलोफिल, आर्ची बैक्टीरिया को स्पष्ट कीजिए।
4. स्वपोषी, विषमपोषी एवं मृतोपजीवी जंतुओं को परिभाषित कीजिए।
5. आकार के आधार पर जीवाणु कितने प्रकार के होते हैं, स्पष्ट कीजिए।
6. अनिवार्य परजीवी व वैकल्पिक परजीवी को स्पष्ट कीजिए।
7. आइसोगेमस और एनआइसोगेमस को स्पष्ट कीजिए।
8. पैरामीशियम, अमीबा व यूग्लीना में चलन अंग का नाम लिखिए।

अथवा

1 मोनेरा जगत के 3 लक्षण लिखिए।
2 डाईनोंफ्लैजिलेट के 3 लक्षण लिखिए।
3 अवपंक कवक के 3 लक्षण लिखिए।
4 जीवाणु भोजी का नामांकित चित्र बनाइए।
5 TMV का नामांकित चित्र बनाइए।
6 सहजीविता को लाइकेन के उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।
7 पादप एवं जंतुओं में कोई चार अंतर लिखिए ।
8 विषाणु को सजीव एवं निर्जीव के बीच की संयोजी कड़ी क्यों कहा जाता है ? लिखिए ।

--xx--

अध्याय – ३
पादप- जगत/ वनस्पति जगत

ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के रिक्त स्थान पूछे जायेंगे-

प्रश्न 1 . रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

2.5

1. भूरे शैवाल का रंग . . . . वर्णक के कारण होता है।
2. शैवालो की कोशिका भित्ति . . . . से बनी होती है।
3. लाल शैवाल का लाल रंग . . . . वर्णक के कारण होता है।
4. ब्रायोफाइट के नर लैंगिक अंग को . . . . कहते है।
5. ब्रायोफाइट के मादा जनन अंग को . . . . कहते है।

2.6

6. . . . . एंजियोस्पर्म का अद्वितीय गुण है।
7. . . . . विकासशील भ्रूण को पोषण प्रदान करता है।
8. टेरिडोफाइट्स का मुख्य पादपकाय . . . . होता है।
9. सबसे ऊंचा जिम्नोंस्पर्म———————हैं।
10. सबसे ऊंचा एंजियोस्पर्म——————है।
11. सबसे छोटा एंजियोस्पर्म——————है।

ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के सत्य या असत्य पूछे जायेंगे-

प्रश्न .2 सत्य या असत्य चुनिए-

3.1

1. ब्रायोफाइटा को पादप जगत का उभयचर कहा जाता है।
2. टेरिडोफाइट्स प्रथम सवहनी पादप होते है।
3. क्लोरोफाइसी के सदस्यों को प्राय लाल शैवाल कहा जाता है|

3.2

4. ब्रायोफाइटा को लीवरवेर्ट तथा मांस में विभाजित किया गया है|
5. म्यूकर तथा राइजोपस नामक कवक सामान्यता डबल रोटी तथा चमड़े पर उगते है
6. विषमबाजाणुता लाइकेन पौधे में पाई जाती है।

प्रश्न .3 एक शब्द में उत्तर लिखिये :-

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के एक शब्द में पूछे जायेंगे-)

5.1

1. पुष्प एवं बीजधारण करने वाले पादपों का वर्ग क्या कहलाता हैं ? लिखिए ।
2. भूरे शैवालों में पाया जाने वाला भूरा वर्णक कोनसा है ? लिखिए ।

3. सबसे ऊंचे एंजियोस्पर्म वृक्ष का नाम लिखिए ।
4. लाल शैवालों में पाया जाने वाले लाल वर्णक का नाम लिखिए ।

5.2

1. हरे शैवालों में पाए जाने वाले वर्णक का नाम लिखिए।
2. टेरिडोफाइटा के दो सदस्यों के नाम लिखिए।
3. समुद्र की गहराई में कौन से शैवाल पाए जाते है? लिखिए ।
4. एक परिपक्व भ्रूणकोष कितने कोशकीय होता है? लिखिए ।

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

1. कृत्रिम वर्गीकरण क्या है ?
2. प्राकृतिक वर्गीकरण क्या है ?
3. जातिवृत्तीय वर्गीकरण क्या है ?
4. शैवालों के दो प्रमुख लक्षण लिखिये |
5. जूस्पोर क्या है ?

अथवा

6. क्लोरोफाइसी का हरा रंग किस वर्णक के कारण होता है ?
7. ब्रायोफाइट के दो आर्थिक महत्व लिखिए ।
8. जेमा कप का क्या कार्य है ? लिखिए ।
9. कवक मूल किसे कहते है ? लिखिए ।
10. शैवाल के वर्गीकरण का क्या आधार है ?
11. लाल शैवाल तथा भूरे शैवाल में दो अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 4 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

1. शैवालों के 4 प्रमुख लक्षण लिखिए ।
2. ब्रायोफाइटा के 4 आर्थिक महत्व लिखिए ।
3. जिम्नोस्पर्म के आर्थिक महत्व पर टिप्पणी लिखिए|
4. लिवरवर्ट तथा मांस में 4 अंतर लिखिए ।
5. ब्रायोफाइटा को हम पादप जगत का जलस्थलचर क्यों कहते हैं ?
6. शैवालों में कायिक जनन किस प्रकार होता हैं? लिखिए ।

अथवा

7. मांस के जीवन चक्र की विभिन्न अवस्थायें लिखिये।
8. जिम्नोस्पर्म को एंजियोस्पर्म से किस प्रकार विभेदित किया जा सकता हैं ?
9. एन्जियोस्पर्म के प्रमुख4 लक्षणों को लिखिए ।
10. विषम बीजाणुता क्या है ?इसकी सार्थकता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।|
11. कवक मूल तथा शैवाल मूल में 4 अंतर लिखिए।
12. शैवालों में लैंगिक जनन किस प्रकार होता हैं? लिखिए ।
13. जिम्नोस्पर्म तथा एंजियोस्पर्म दोनों में बीज होते हैं। फिर भी इनका वर्गीकरण अलग-अलग क्यों हैं ?

---------------------------------------xx---------------------------------------

अध्याय –4
प्राणि जगत

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 4 अंक के सत्य या असत्य पूछे जायेंगे–)

प्रश्न .1 सत्य या असत्य चुनिए-

3.3

1.आर्थोपोड़ा प्राणी जगत का बड़ा समूह है|

2.एनेलिडा के प्राणियों में उत्सर्जन नेफ्रिडिया रचना द्वारा होता है|

3.मछलियां , उभयचर तथा सरीसृप असमतापी है।

4.सिलेन्ट्रेटा में स्पर्शक एवं दंश कोशिकाएं पाई जाती हैं|

5.प्लेटिहेलिमथीज संघ में पॉलीप तथा मेड्यूसा अवस्थाएं पाई जाती है|

3.4

6.जेली फिश एनेलिडा संघ का सदस्य है।

7.जीव संदीप्ति संघ पोरीफेरा की मुख्य विशेषता है।

8.एनेलिडा में चलन अंग नेफ्रिडिया होते है।

9.एनेलिडा में उत्सर्जी अंग सीटी है।

10. प्राणी जगत का सबसे बड़ा संघ प्रोटोजोआ है।

3.5

11. आर्थोपोडा में उत्सर्जन नेफ्रिडिया के द्वारा होता है।
12. लाख के कीड़े का वैज्ञानिक नाम लेसिफर लेका है।
13. मछलियों के हृदय में दो प्रकोष्ठ होते है।
14. पक्षियों में श्वसन फेफड़े के द्वारा होता है।

3.6

15. स्टारफिश में प्रचलन क्लाइटेलम नामक रचना द्वारा होता है ।
16. संघ एस्केहेलमिनथिंजमें सत्य –प्रकार की देहगुहा पायी जाती है।
17. संघ अर्थोपोड़ा में हिमोसिल प्रकार की सममिति पाई जाती है।
18. जल संवहन तंत्र एनेलिडा संघ की विशेषता है।

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

अति लघुउत्तरीय प्रश्न – 2 अंक

1. खुले परिसंचरण तंत्र तथा बंद परिसंचरण तंत्र में 2 अंतर लिखिये ।
2. अरीय सममिति किसे कहते है ? लिखिए|

3. द्पार्श्व सममिति क्या है ? लिखिए|
4. त्रिकोरकी जीव किसे कहते है ? लिखिए|
5. खंडीभवन से क्या आशय है ? लिखिए|
6. संघ नाइडेरिया को यह नाम क्यों दिया गया है ? स्पष्ट कीजिए|
7. प्लेटीहैल्मिथीज में परासरण तथा उत्सर्जन किससे होता है ? स्पष्ट कीजिए|

अथवा

8. आर्थोपोड़ा संघ की दो प्रमुख विशेषतायें लिखिए|
9. रेडुला का क्या कार्य है ? लिखिए|
10. मनुष्य के शरीर पर पाये जाने वाले दो परजीवों के नाम लिखिए|
11. चमगादड़ को स्तनी पक्षी क्यों माना गया है ? लिखिए|
12. पोरीफेरा संघ के दो लक्षण लिखिए|
13. निम्नलिखित जंतुओं के संघ के नाम लिखिए| –

(अ) स्टार फिश (ब) एस्केरिस (स) आक्टोपस (द) कॉकरोच

14. समतापी से क्या आशय है ? स्पष्ट कीजिए|

लघुउत्तरीय प्रश्न – 3 अंक

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 3 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

1. वर्गीकरण के प्रमुख आधार क्या है ? लिखिए।
2. देहगुहा के आधार पर जीवों के प्रकार लिखिए।
3. कशेरूकी संघ के प्राणियों के तीन मूलभूत लक्षण लिखिए।
4. पक्षियों में उड़ने हेतु क्या-क्या रूपांतरण पाए जाते है ? स्पष्ट कीजिए|
5. मछलियों में वायु आशय की उपस्थिति का क्या महत्व है ? स्पष्ट कीजिए|
6. एक जीव के शरीर में रेडियल सममिति (radial symmetry) पाई गई और उसमें टेंटेकल्स भी मौजूद हैं। यह जीव किस संघ (phylum) का हो सकता है? कारण सहित स्पष्ट करें।

अथवा

7. स्तनधारी वर्ग के तीन लक्षण लिखिए।
8. परजीवी प्लेटीहेल्मिथीज के तीन विशेष लक्षण
9. आर्थोपोड़ा प्राणी समूह का सबसे बड़ा वर्ग है इस कथन के प्रमुख कारण लिखिए ।
10. व्हेल मछली को स्तनी वर्ग में क्यों रखा गया है ? लिखिए।
11. किसी अकशेरुकी जीव में द्विपार्श्वीय सममिति (bilateral symmetry), त्रिस्तरीय शरीर (triploblastic) और शरीर गुहा (coelom) अनुपस्थित है। यह किस संघ में आएगा? कारण लिखिए।

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 4 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे)

1. कॉर्डेटा एवं नॉन कार्डेटा में 4 अंतर लिखिये ।
2. सभी कशेरूकी (वर्टिब्रेट्स) रज्जूकी (कॉर्डेट्स) है, लेकिन सभी रज्जूकी कशेरूकी नहीं है।इस कथन की व्याख्या कीजिए।
3. एम्फीबिया वर्ग के प्रमुख लक्षण व दो उदाहरण लिखिए।
4. गोल कृमि व फीता कृमि में 4 अंतर लिखिए।
5. एक जीव में नोटोकॉर्ड (notochord) केवल भ्रूण अवस्था में पाई जाती है, वयस्क अवस्था में अनुपस्थित होती है। यह जीव किस उपसंघ (subphylum) का हो सकता है? कारण सहित उत्तर दें।

अथवा

6. मोलस्का संघ के प्रमुख लक्षण व दो उदाहरण लिखिए। ।
7. पोरीफेरा संघ के प्रमुख 4 लक्षण लिखिए।
8. प्रगुहा किसे कहते है ? प्रगुहा के आधार पर जीवों का वर्गीकरण किस प्रकार किया गया है ?
9. संघ सिलेन्ट्रेटा में जनन को समझाइये लिखिए। ।
10. संघ एकाइनोडर्मेटा के प्रमुख लक्षण व दो उदाहरण लिखिए।
11. किसी समुद्री जीव का शरीर कांटेदार (spiny) है और जल-वाहिनी तंत्र (water vascular system) मौजूद है। यह जीव किस संघ का है और यह तंत्र किस कार्य में मदद करता है?

--xx--

अध्याय–5

पुष्पीय पादपों की आकारिकी

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 3 अंक के 3 सही जोड़ियां पूछे जायेंगे–)

प्र.1. सही जोड़ियां बनाकर लिखिए–

'अ'	'ब'
i. पुतन्तु	(अ) जायांग
ii. वर्तिकाग्र	(ब) पुमंग
iii. चना	(स) सोलेनेसी

'अ'	'ब'
i. जड़े	(स) मूलांकर
ii. कैलिक्स	(द) दो द्विबीजपत्री
iii. आलू	(ए) पुष्प का बाहरी भाग

'अ'	'ब'
i. मूल रोम	(स) पर्णाधार
ii. पत्ती के भाग	(द) एक बीजपत्र
iii. समानांतर शिरा विन्यास	(ए) दीर्घीकरण क्षेत्र

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 1 अंक के एक वाक्य पूछे जायेंगे–)

प्र.2. एक वाक्य में उत्तर लिखिए–

1. आम में फलभित्ति का कौन–सा भाग खाया जाता है?
2. तने का विकास बीज के किस भाग से होता है?
3. एक बीजपत्री बीज का बीजपत्र क्या कहलाता है ?

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे–)

1. पोधों में जड़ के 2 कार्य लिखिए।
2. पर्णविन्यास को स्पष्ट कीजिए।
3. पुष्प के मुख्य भागों के नाम लिखिए।

अथवा

4. बीजांडन्यास को परिभाषित कीजिए।
5. पुष्पसूत्र का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
6. पुष्पक्रम को पारिभाषित कीजिए।

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 3 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे–)

1. किसी मूल के विभिन्न भागों को चित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।
2. पर्णविन्यास से आप क्या समझते है इसके प्रकार लिखिए ।
3. एक प्रारूपिक पत्ती के विभिन्न भागों को लिखिए ।

अथवा

4. एकव्यास सममिति व त्रिज्या सममिति पुष्प को स्पष्ट कीजिए ।
5. जालिकावत् व समान्तर शिराविन्यास में तीन अंतर लिखिए।
6. एक प्रारूपिक पुष्प का नामांकित चित्र बनाइए।

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 4 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे–)

1. सरल पत्ती व संयुक्त पत्ती में कोई चार अंतर लिखिए।
2. ससीमाक्षी व असीमाक्षी पुष्पक्रम में कोई चार अंतर लिखिए।
3. एकलिंगी व उभयलिंगी पुष्प में कोई चार अंतर लिखिए।

अथवा

4. सोलेनेसी कुल के चार मुख्य लक्षणों को लिखिए।
5. अनिषेकी फल को स्पष्ट करते हुए फलों की दो विशेषताएं लिखिए।।
6. एक बीज पत्री बीज की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए|

अध्याय–6
पुष्पीय पादपों का शरीर

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के सही जोड़ियां पूछे जायेंगे-)

प्र.1. सही जोड़ियां बनाकर लिखिए–

	'अ'	'ब'
i.	विभज्योतक ऊतक	(अ) एकबीजपत्री
ii.	मूलगोप	(ब) विभाजनशील कोशिकाएं
iii.	बुलीफार्म कोशिकाएं	(स) जड़
iv.	रन्ध्र	(द) भोजन का परिवहन
v.	फ्लोयम	(ए)पत्ती
vi.	खनिज लवणों का परिवहन	(फ) फ्लोयम

(ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के 2 एक वाक्य में पूछे जायेंगे-)

प्र.2. एक वाक्य में उत्तर लिखिए–

5.4

1. एकबीजपत्री मूल में संवहन बण्डल की संख्या लिखिए।
2. अंतः काष्ठ मे ंउपस्थित पदार्थो के नाम लिखिए।
3. जाइलम पेरेनकाइमा की भित्ति किस पदार्थ की बनी होती है?

5.5

4. प्रायःस्टोमेटा पत्तियों की किस सतह पर उपस्थित होते है?
5. संवहन उत्तक के उदाहरण लिखिए।
6. समान तथा असमान कोशिकाओं का ऐसा समूह जिसकी सभी कोशिकाएं कार्य एवं उत्पत्ति में समान होते हैं क्या कहलाते हैं लिखिए।

(**ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 2 अंक के 2 प्रश्न पूछे जायेंगे-**)

1. रन्ध्र को परिभाषित कीजिए।
2. रन्ध्र के दो कार्य लिखिए।
3. कैंबियम को परिभाषित कीजिए|

अथवा

4. भरण ऊतक के दो कार्य लिखिए।
5. जाइलम व फ्लोयम का एक–एक कार्य लिखिए।
6. परिरंभ किसे कहते हैं|

7. रन्ध्र की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए।
8. संयोजी उत्तक को स्पष्ट कीजिए।
9. खंभ पेरेंकायमा एवं स्पंजी पेरेंकायमा को स्पष्ट कीजिए

अथवा

10. द्वितीयक वृद्धि को परिभाषित कीजिए ।
11. रेडियल संवहन तंत्र को स्पष्ट कीजिए ।
12. वाष्पोत्सर्जन की तरह अधिक होने पर पत्तियों में क्या परिवर्तन होता है और क्यों

(**ब्लूप्रिंट के अनुसार इस पाठ से 4 अंक के 1 प्रश्न पूछे जायेंगे-**)

1. एकबीजपत्री व द्वि–बीजपत्री तने में कोई चार अंतर लिखिए।
2. एकबीजपत्री व द्वि–बीजपत्री पत्ती में कोई चार अंतर लिखिए।
3. खुले व बंद संवहन तंत्र में चार अंतर स्पष्ट कीजिए।
4. किसी पौधे के तने में संवहनी बंडलों की व्यवस्था **छल्लेदार** (ring-like) है और पिथ (pith) स्पष्ट रूप से केंद्र में दिखाई देता है। आप कैसे पहचानेंगे कि यह एक एकबीजपत्री है या द्विबीजपत्री पौधा?

अथवा

1. एकबीजपत्री व द्वि–बीजपत्री जड़ में कोई चार अंतर लिखिए।
2. द्वि–बीजपत्री तने की आंतरिक संरचना का नामांकित चित्र बनाइए।
3. एक–बीजपत्री तने की आंतरिक संरचना का नामांकित चित्र बनाइए।
4. यदि किसी पत्ती की शिराओं में जालीनुमा विन्यास पाया जाए, तो यह पत्ती किस प्रकार के पौधों में पाई जाएगी? साथ ही उसके तने में संवहनी बंडलों की व्यवस्था का प्रकार लिखिए।

------------------------——00——------------------------